आई टी एल पब्लिक स्कूल

पुनरावृत्ति वार्षिक परीक्षा (2024-25)

विषय- हिंदी उत्तरकुंजी

दिनांक ः फरवरी 2025 कक्षाः पंचम

समय ः 2 घंटे कुल अंक ः 50

नाम ः

---

सामान्य निर्देश- 1)इस कार्यपत्रिका में 3 पृष्ठ, 3 भाग और कुल 12 प्रश्न हैं।

2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

3)सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सुंदर व साफ़ लिखाई में उत्तर दीजिए।

---

| | | |
|---|---|---|
| | भाग- क | |
| प्रश्न 1 | रिक्त स्थान में उचित विशेषण भरकर उसका भेद लिखिए।<br>(क) पिकनिक जाने के लिए ----तीस ------बच्चे तैयार है। (संख्यावाचक विशेषण )<br>(ख) बीरबल बहुत ------ विद्वान ------ थे। ( गुणवाचक विशेषण )<br>(ग) बाज़ार से ------दो मीटर------ कपड़ा ले आओ। ( परिमाणवाचक विशेषण )<br>(घ) -----यह--------- बालक संस्कृत भाषा पढ़ रहा है। (सार्वनामिक विशेषण) | |
| प्रश्न 2 | दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।<br>(क)शोक - हर्ष (ख) प्रशंसा निंदा (ग) खुरदुरा - चिकना<br>(घ) विपत्ति- सम्पत्ति (ङ)आस्तिक - नास्तिक (च) इच्छा - अनिच्छा | |
| प्रश्न 3 | दिए गए वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए।<br>(क)सप्ताह मे एक बार होने वाला - साप्ताहिक<br>(ख) जो ईश्वर में विश्वास रखे - आस्तिक<br>(ग) जो सामान बेचता हो - विक्रेता | |
| प्रश्न 4 | निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम चिहन् लगाकर वाक्य दोबारा लिखिए।<br>(क) टीना ने आते ही कहा, " आज मुझे बहुत काम करना है ।"<br>(ख) अमन ने पूछा, "चाचा जी, आप क्या कर रहे है ?"<br>(ग) गाँव में गाय ,भैंस, ऊँट और भेड़ आदि पशु पाले जाते हैं ।<br>(घ) क्या मेरा मित्र आ गया है? | |
| प्रश्न 5 | 'बाघ आया उस रात' कविता के आधार पर प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों में लिखें।<br>छोटू बोला -<br>स्कूल में भी नहीं...।<br>पाँच साल बेटू ने<br>हमें फिर से आगाह किया<br>"अब रात को बाहर होकर बाथरूम न जाना।" | |

| | | |
|---|---|---|
| | (क) इस कविता के कवि का नाम लिखें। कवि नागार्जुन<br>(ख) इन पंक्तियों में यह बात किसको बताई जा रही है? छोटा बच्चा अन्य बच्चे को<br>(ग) बच्चे की आयु कितनी है ? पाँच साल<br>(घ) 'सर्तक' का समानार्थक ढूँढकर लिखें। आगाह<br>(ङ) दो संज्ञा शब्द ढूँढकर लिखें। बेटू स्कूल | |
| प्रश्न 6 | भाग ख<br>दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।<br>गंगा नदी से संबंधित एक प्रमुख पौराणिक कथा है। यह कथा भागीरथी नाम की कन्या के साहस, तपस्या और दृढ़ संकल्प के रूप में देखी जाती है। कथा के अनुसार भागीरथी ने अपने पितामह के मोक्ष के लिए गंगा को पृथ्वी पर उतारने का संकल्प किया। उन्होंने हिमालय में ब्रह्मा जी की तपस्या की और प्रसन्न होकर ब्रह्मा जी ने उन्हें वरदान दिया कि वह गंगा को पृथ्वी पर ले आएँगे। लेकिन गंगा की धारा इतनी तेज थी कि यदि वह सीधे पृथ्वी पर गिरती है तो पृथ्वी उसे सहन नहीं कर पाती। इसलिए भगवान शिव ने अपनी जटा में गंगा को समेट लिया। इसके बाद भागीरथी ने शिव की तपस्या की और उन्हें प्रसन्न करने में सफल हुई जिसके परिणाम स्वरूप शिवजी ने गंगा को अपनी जटा से मुक्त कर दिया। इस प्रकार गंगा पृथ्वी पर उतरी और भागीरथी की पितामह की आत्मा मोक्ष प्राप्त करने में सफल हुए प्रयागराज में जहाँ गंगा और यमुना मिलती है वहीं तीसरी नदी सरस्वती भी मिलती हैं इसीलिए उसे "त्रिवेणी संगम" कहा जाता है।<br>(क) गंगा नदी से संबंधित पौराणिक कथा किस रूप में देखी जाती है।<br>उत्तरः यह कथा भागीरथी नाम की कन्या के साहस, तपस्या और दृढ़ संकल्प के रूप में देखी जाती है।<br>(ख) भागीरथी ने किसे पृथ्वी पर उतारने का संकल्प किया?<br>उत्तरःभागीरथी ने अपने पितामह के मोक्ष के लिए गंगा को पृथ्वी पर उतारने का संकल्प किया।<br>(ग) गंगा की तेज धारा को पृथ्वी पर गिरने से किसने संभाला?<br>उत्तर ः भगवान शिव ने अपनी जटा में गंगा को समेट लिया। | |

| | | |
|---|---|---|
| | (घ) त्रिवेणी किसे कहते है?<br>उत्तर ः प्रयागराज में जहाँ गंगा और यमुना मिलती है वहीं तीसरी अदृश्य नदी सरस्वती भी मिलती हैं इसीलिए उसे "त्रिवेणी संगम" कहा जाता है।<br>(ङ) गदयांश में से समानार्थक शब्द ढूंढे। कहानी - कथा हिम्मत- साहस | |
| प्रश्न 7 | दिए गए शब्दों के अर्थ लिखिए।<br>(क)ज़ख्मी - घायल (ख) आस्तीन - कमीज़ की बाजू<br>(ग) अभाव - कमी (घ) ग्लेशियर - बर्फ के तैरते पहाड़ | |
| प्रश्न 8 | भाग ग<br>निम्नलिखित वाक्य पढ़कर सही या गलत लिखिए।<br>(क) कर्नल दत्ता ने दोनों शिकारियों को डाँटा।- सही<br>(ख) कुली का पैर फिसला और वह खाई में गिर गया।- गलत | |
| प्रश्न 9 | किसने ,किससे कहा?<br>(क) ऐ लड़के ,रुक जा ,वरना मैं गोली मार दूँगा।<br>उत्तरः शिकारियों ने बिशन से कहा।<br>(ख) लेकिन अभी तो अमरनाथ पहुँचे ही नहीं।<br>उत्तरः जवाहर लाल ने कुली से कहा । | |
| प्रश्न10 | नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दें।<br>(क) घायल तीतर को बचाने के लिए बिशन को किस तरह की परेशानियाँ हुई?<br>उत्तरः घायल तीतर को बचाने के लिए उसे कंटीली झाड़ियों से तीतर को निकलते हुए खरोंचे लगी। शिकारी से बचने के लिए कंटीली तारों के नीचे से निकलना पड़ा। हाथ- पैर भी छिल गए और कमीज़ की आस्तीन भी फट गई ।<br>(ख) जवाहरलालजी के साथ क्या हादसा हुआ?<br>उत्तरः जवाहरलाल जिस बर्फ के मैदान पर चल रहे थे ,वह बहुत ऊबड़- खाबड़ था। कभी पैर फिसल जाता तो कभी बर्फ में धस जाता था तभी उन्हें सामने गहरी खाई दिखाई दी। जब तक वे संभलते उनका पैर फिसल गया और लड़खड़ा कर खाई में गिर पड़े।<br>(ग) अधिक ऊँचाई चढ़ने पर क्या कठिनाइयाँ आती हैं? | |

| | | |
|---|---|---|
| | उत्तरः ऊँचाई पर वायुमंडल पतला होने लगता है और साँस लेने में कठिनाई आने लगती है। कई लोगों की नाक से खून बहने लगता है और कनपटियों पर खून का दबाव भी बढ़ जाता है।<br>(घ) बिशन घायल तीतर को क्यों बचाना चाहता था?<br>उत्तरः बिशन उसे इसलिए बचाना चाहता था क्योंकि अगर वह उसे घायल अवस्था में छोड़ देता तो या तो शिकारी उसे पकड़ लेते या वह वही तड़प -तड़प कर मर जाता। | |
| प्रश्न 11 | रिक्त स्थान में उचित शब्द भरें।<br>(क) ... तीतर......... गेहूँ के खेतों में दाना चुगने आते थे।<br>(ख)जवाहरलाल को ...अमरनाथ...... तक का सफर अधूरा छोड़ना पड़ा। | |
| प्रश्न12 | कक्षा पंचम में खेल गतिविधि बदलने के लिए उचित कारण बताते हुए कक्षा अध्यापिका को प्रार्थना पत्र लिखिए। छात्र स्वयं लिखेंगे। | |